अमर उजाला
24/02/26

न्यूज डायरी

प्रशिक्षण कार्यक्रम में सीखे प्रौद्योगिकी के गुर

शिमला। राजकीय महाविद्यालय संजौली के संगणक विज्ञान विभाग ने सूचना प्रौद्योगिकी और सूचना प्रौद्योगिकी आधारित सेवाओं से जुड़े व्यावसायिक विद्यार्थियों के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया। प्रशिक्षण में राजकीय उत्कृष्ट वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय गुम्मा के विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम का संचालन सहायक आचार्य डॉ. सुरिंद्र चौहान ने किया। पहले दिन शीतल ने कृत्रिम बुद्धिमत्ता और मशीन अधिगम विषय पर व्याख्यान दिया। इसके बाद डॉ. सुरिंद्र चौहान ने आंकड़ा भंडार निर्माण, प्रश्न निर्माण तथा आंकड़ा प्रबंधन बारे बताया। इनके अलावा प्रियंका चौहान, प्राचार्य प्रो. भारती भागड़ा ने भी कार्यक्रम में शिरकत की। संवाद

को पुरस्कृत किया। कार्यक्रम के समापन पर [illegible] विद्यार्थियों एवं अध्यापकों का धन्यवाद ज्ञापित किया। इस अवसर पर डाक्टर सुशील, मिस सरला और सुरिंद्र चौहान भी उपस्थित रहे।

दिव्य हिमाचल 24/02/26

एआई के सिद्धांत और उपयोग पर दी जानकारी

स्टाफ रिपोर्टर-शिमला

शिमला : ऑन-द-जॉब ट्रेनिंग के दौरान छात्र

राजकीय महाविद्यालय संजौली के कंप्यूटर विज्ञान विभाग द्वारा 20 और 21 फरवरी को आईटी-आईटीईएस ट्रेड के व्यावसायिक छात्रों जोकि गवर्नमेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल गुम्मा से थे, के लिए दो दिवसीय ऑन-द-जॉब ट्रेनिंग ओजीटी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का संयोजन एवं संचालन डाक्टर सुरिंद्र चौहान सहायक आचार्य कंप्यूटर विज्ञान विभाग द्वारा किया। 20 फरवरी को प्रात:कालीन सत्र में शीतल द्वारा आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस एवं मशीन लर्निंग विषय पर व्याख्यान दिया। उन्होंने एआई के मूल सिद्धांत, इसके व्यावहारिक उपयोग एवं भविष्य की संभावनाओं पर जानकारी दी। द्वितीय सत्र डाक्टर सुरिंद्र चौहान द्वारा प्रायोगिक अभ्यास विषय पर प्रशिक्षण दिया। विद्यार्थियों को डेटाबेस निर्माण, क्वेरी लेखन और डाटा प्रबंधन का व्यावहारिक प्रशिक्षण प्रदान किया। 21 फरवरी द्वितीय दिवस पर प्रात: कालीन सत्र प्रियंका चौहान द्वारा वेबपेज डिजाइनिंग एवं सीएसएस विषय पर प्रशिक्षण दिया। विद्यार्थियों को एचटीएमएल संरचना एवं सीएसएस के माध्यम से वेबपेज डिजाइनिंग का अभ्यास करवाया। द्वितीय सत्र डाक्टर सुरिंद्र चौहान द्वारा सॉफ्टवेयर स्किल, करियर एवं आईटी में संभावनाएं विषय पर मार्गदर्शन दिया। उन्होंने विद्यार्थियों को आईटी क्षेत्र में करियर विकल्पों, संचार कौशल, पेशेवर व्यवहार एवं भविष्य की संभावनाओं के बारे में प्रेरित किया। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम विद्यार्थियों के लिए अत्यंत ज्ञानवर्धक एवं प्रेरणादायक सिद्ध हुआ। कार्यक्रम का समापन धन्यवाद ज्ञापन एवं समूह चित्र के साथ हुआ।